## पांच साल की बालिका से दुष्कर्म का प्रयास,मिली दस साल सश्रम कारावास की सजा

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** पांच साल की अबोध बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले 22 वर्षिय युवक शेख सलीम को व्दितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल दुबे ने आज दस साल सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। घटना 4 जनवरी 15 की है, सुबह 11 बजे शेख सलीम पांच साल की बालिका जो रेगड़ा में अपने घर के पीछे टिकरा में खेल रही थी को नदी के उपर महुआ पेड़ के नीचे ले गया और उससे दुष्कर्म का प्रयास किया जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया जिसमें आरोप की पुष्टि हुयी साक्ष्यो के आधार पर न्यायाधीश ने सजा सुनायी।

## अज्ञात महिला सड़ी हुयी लाश मिलने से, फैली सनसनी पुलिस जुटी खोजबीन में

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** सारंगढ़ से 18 कि.मी. दूर फारेस्ट गार्ड क्वाटर से 150 मीटर दूर झाड़ियों में एक 50 साल की अज्ञात महिला का सड़ी हुयी अवस्था में मिली लाश से क्षैत्र में सनसनी फैल गयी है। यह घटना कल शाम 6 बजे की जब गांव वालो की नजर लाश पर पड़ी तो उन्होने सारंगढ़ पुलिस को खबर दी ओर पुलिस ने रात को ही लाश को अपने कब्जे में ले लिया लेकिन अंधेरा होने से पंचनामा व फायरेंसिक जांच आज सुबह की गयी लाश को कीड़ो ने बुरी तरह खा लिया था, जिसके कारण उसका चेहरा भी पहचान में नहीं आ रहा महिला देहाती लुगड़ा पहने हुये हें तथा दोनों हाथों में गोदना गुदा हुआ है, रायगढ़ से गये फायरेंसिक एक्सपर्ट के अनुसार महिला की मृत्यु हुये तीन दिन से अधिक हो चुकें हैं। लाश के पास से एक झोला भी मिला है, जिसमें साड़ी व कपड़े हैं। पुलिस का अनुमान है की महिला आसपास के किसी गांव की होनी चाहिये ।पुलिस ने जिले के सभी थानो को सूचित कर दिया हैं ओर किसी भी गुमशुदा महिला की रिपोर्ट को दरयाफ्त किया हैं ।

## घर में सोया बालक हो गया लापता

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** हीरापुर एकता नगर का 17 साल का बालक कल दरम्यानी रात से घर में बिना बताये सोते समय उठकर कहीं चला गया जिसकी रिपोर्ट कल बालक के पिता द्वारा थाना कोतवाली में दर्ज करायी गयी। बालक इस वर्ष कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण किया है ।10 जुलाई की रात बालक अपने कमरे में सोया था, रात करीब 2.30 बजे उसकी बहन उठी और देखी कि उसका भाई अपने बिस्तर में नहीं था, तब पिता को जाकर बतायी, काफी खोजबीन के बाद भी बालक का पता नहीं चलने पर बालक के पिता द्वारा थाना कोतवाली में बालक के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

## विवाहित महिला से 1 लाख की मांग, प्रकरण दर्ज

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** बुडीजाम बृजराजनगर ओडिशा की रहने वाली 21 वर्षीय युवती का विवाह माह फरवरी 16 को सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार गुरूद्वारा खरसिया जिला रायगढ में रोहित अरोड़ा टिकरापारा, मधुवनपारा के साथ हुआ। शादी के बाद कुछ दिनों तक युवती अपने ससुराल में अच्छें से थी, उसके बाद युवती अपने मायके बृजराजनगर भाई की शादी में गई थी, शादी के बाद वापस अपने ससुराल आकर रहने लगी थी कि इसके पति व सास दर्शन देवी अरोड़ा दहेज में 1 लाख रूपये की मांगकर युवती से मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे और मांग पूरी न होने पर युवती का अन्य युवक से संबंध होने का आरोप लगाने लगे। तब युवती ने अपने परिचित मनजीत कौर रामभांठा के घर जाकर सहायता मांगी और फोन कर अपनी मां को रायगढ़ बुलायी। उसकी मां रायगढ़ आकर युवती के पति और सास को समझाने का हरसंभव प्रयास की परन्तु वे लोग युवती को रखने से मना कर दिये। तब युवती द्वारा पारिवार सलाह केन्द्र रायगढ में आवेदन दी थी, जहां उनका काउंसलिंग कराया गया, काउंसलिंग असफल रही जिसके पश्चात युवती की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली रायगढ़ में उसके पति एवं सास के विरूद्ध धारा 498 ए 406ए 34 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर लिया गया ।

## नंगी तलवार के साथ दो युवक पकड़ा

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** सिटी कोतवाली रायगढ में प्रशिक्षु उप निरीक्षक कृष्णचंद भारती आज टाऊन पेट्रोलिंग दौरान तुलसी होटल के पास ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति को लोहे का तलवार पकडकर घूमने की सूचना पर आरक्षक विनय तिवारी के साथ जाकर उस व्यक्ति को पकड कर पूछताछ करने पर अपना नाम शिव कुम्हार पिता दृष्टिराम कुम्हार उड़ीसा रोड जूटमिल छ.ग. का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से तलवार जप्त कर थाना कोतवाली मे धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। दूसरी घटना थाना चक्रधर नगर के जितेन्द्र सोनी द्वारा आज आरक्षक अभय नारायण यादवए सुशील यादव के साथ मोबाईल फोन सूचना पर टाउन पेट्रोलिंग दौरान बेलादुला गायत्री मंदिर के पास सार्वजनिक आम रोड पर अमित मिश्रा बेलादुला गायत्री मंदिर चक्रधरनगर को एक लोहे का धारदार तलवार के साथ पकड़कर थाना लाया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## नोटबंदी पर केंद्र का नजरिया: पुराने नोटों को बदलने के एक और मौके से खत्म हो सकता है मकसद

नई दिल्ली,**(आरएनएस)**। नोटबंदी में रद्द घोषित 500 और 1000 रुपये के करन्सी नोटों को एक्सचेंज करने के लिए एक और मौका देने पर विचार करने की जो बात सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कही है, उस राय पर सरकार सम्मानजनक तरीके से विचार करेगी। हालांकि वह कोर्ट से यह भी कहेगी कि ऐसा मौका दिए जाने से डीमॉनिटाइजेशन जैसे एक बड़े रिफॉर्म के मकसद को झटका लग सकता है। इस मामले में सरकार की सोच की जानकारी रखने वाले वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि रद्द घोषित नोटों को बदलने की एक और विंडो खोलने से इस सुविधा के कई दुरुपयोग हो सकते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अगर पुरानी करन्सी को एक्सचेंज करने की सुविधा दी गई तो देश से बाहर मौजूद बड़े डीनॉमिनेशन वाले नोटों को वापस लाया जा सकता है। उन्होंने कहा, नेपाल और भूटान जैसे देशों के साथ हमारी सीमा खुली है। इस बात की काफी आशंका है कि एक और विंडो दिए जाने पर काफी ऐसी करेंसी फिर से सिस्टम में आ जाएगी और डीमॉनि टाइजेशन का मकसद पूरा नहीं होगा। हम सुप्रीम कोर्ट को यह बात बताएंगे और सलाह मांगेंगे। अधिकारियों ने यह भी कहा कि नोटबंदी से आतंकवाद और नक्सलियों की हरकतों पर काबू पाने में बड़ी मदद मिली है और एक और मौका दिए जाने से ऐसे तत्व इस सुविधा का दुरुपयोग कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और आरबीआई से मंगलवार को कहा था कि वे नोट एक्सचेंज का एक और मौका देने पर विचार करें। सरकार अपना जवाब मामले की सुनवाई की अगली तारीख (18 जुलाई) को दे सकती है। कोर्ट ने कहा था कि जो लोग वाजिब वजहों से रद्द किए गए नोट नहीं बदल सके, उन्हें परेशानी में नहीं डाला जाना चाहिए। इससे पहले नोट एक्सचेंज की डेडलाइन 30 दिसंबर 2016 और फिर 31 मार्च 2017 की गई थी। 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी का ऐलान किया गया था और उसके बाद नोट एक्सचेंज की शर्तों में कई बदलाव किए गए थे। एक अन्य अधिकारी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखते हुए हम यह कहना चाहेंगे कि हमने यथासंभव हर कोशिश की थी कि लोग रद्द नोटों को एक्सचेंज कर लें। हम उस प्रोसेस को आसान बनाने और लोगों की मुश्किलें दूर करने के लिए उठाए गए हर कदम की जानकारी देंगे। कोई भी रियायत दिए जाने से यह सिस्टम गंदा हो जाएगा, जो बड़ी कोशिश से साफ हुआ है।

## पत्नी से खफा पड़ोसी ने लगा दी आग

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** लैलूंगा के ग्राम रतनपुर केसला में दिनेश डेहरी व्यवसायी है 10 जुलाई को वह अपने सफेद बोलेरो पिकप को दिन में चलाने के बाद रात में रोज की तरह अपने मकान के पास गली में खड़ा किया था, 10 जुलाई की सुबह उसके पडोसी तेज नारायण ठाकुर अपनी पत्नि श्रीमति सरिता सिंह ठाकुर से लडाई झगडा किया था। श्रीमति सरिता ठाकुर का दिनेश डेहरी के परिवार से परिचित होने से रात में वह उनके घर आकर रूकी थी इस बात से नाराज तेजनारायण ठाकुर रात को अंधेरे में दिनेश डेहरी की पिकप के तकिया कव्हर में आग लगाकर कर भाग रहा था। जिसे दिनेश डेहरी देखा और आग को बुझाया । घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने पर तेजनारायण ठाकुर के विरूद्ध धारा 435 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।

## अग्रवाल ट्रेडर्स से मोबाईल, नगदी चोरी

**न्यायसाक्षी@रायगढ़ ।** कबीरचौक जूटमिल के आकाश अग्रवाल की कबीर चौक में अग्रवाल ट्रेडर्स के नाम से पशु आहार की दुकान है, 27 जून की रात करीब 9.30 बजे आकाश दुकान को बंद कर घर चला गया था दुसरे दिन दुकान आया तो देखा कि 27-28 जून की दरम्यानी रात्रि में दुकान का ताला खोलकर अज्ञात चोर गल्ले में रखे हुये 20460 रूपये एवं नोकिया कंपनी का मोबाईल को चोरी कर ले गया था । रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।

## युवक की डूबकर गई जान

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** भूपदेवपुर की श्रीमति मंगली बाई 50 साल कल अपने लड़के लक्ष्मीनारायण तुरी 20 वर्ष का गांव के पंडरी तालाब में कल दोपहर 3 बजे नहाते समय डूबकर मौत होने की रिपोर्ट दर्ज करायी, सूचनाकर्ता श्रीमति मंगली बाई ने बताया कि दोपहर वह भी तालाब नहाने गई थी, उसका लड़का लक्ष्मी नारायण भी नहा रहा था, जो कि डूब गया।


CAREER SCHOOL

Topper Students




Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.


## शादी का झांसा दे दो युवतियों से हुआ दुष्कर्म

**न्यायसाक्षी@रायगढ़ ।** कबारीपाली डभरा जिला जांजगीर की 36 वर्षीय परित्यक्ता महिला पिछले 14 साल से धांगरडीपा रायगढ़ में रहती है 5 साल पहले महिला का धांगरडीपा के डी.व्ही.पावर प्लांट में आपरेटर का काम करने वाले राजबहादुर यादव से परिचय हुआ। जिसने शादी का प्रलोभन देकर महिला से शारीरिक संबंध स्थापित किया। जब कभी महिला शादी की बात कहती तो राजबहादुर टाल मटोल कर देता तथा 5 अप्रैल को ड्यिूटी से आने के बाद से राजबहादुर किराये के मकान में नहीं है। महिला ने जब उसके भाई अनिल यादव से राजबहादुर यादव की जानकारी मांगी तो उसे बुराभला कहकर वहां से भगा दिया। आज पीडित महिला ने राजबहादुर यादव पर कार्यवाही के लिये थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी जिस पर धारा 376 भादंवि के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरी घटना ग्राम दर्राभाठा जिला जांजगीर की है, 19 वर्षीय युवती का पिता हिण्डाल्को कोल माइंस मिलूपारा में काम करता है। करीब एक साल पूर्व युवती अपने माता पिता के पास मिलूपारा तमनार में रहने आयी । इस दौरान युवती का ग्राम गारे तमनार के मनीष डनसेना से प्रेम संबंध हो गया । जिसका मिलूपारा में मेडिकल दुकान है। माह अगस्त 2016 में मनीष डनसेना युवती के पास शादी का प्रस्ताव रखकर युवती के इच्छा के विरूद्ध शारीरिक संबंध बनाया। करीब एक सप्ताह पूर्व युवती अपने बुआ के घर रायगढ आयी थीए वहां भी वह युवती से मिलने रायगढ आया और युवती को उसके बुआ के घर से ले जाकर रायगढ के किसी होटल में रूका था और दूसरे दिन बस से दोनों तमनार गये। मनीष डनसेना युवती को हुकरोडीपा के पास छोड़कर कहीं चला गया। घटना की जानकारी युवती ने अपने परिजनों को दी और कल थाना तमनार में मनीष डनसेना के विरूद्ध रिपोर्ट की जिस पर अपराध धारा 376 भादवि एवं एट्रोसिटी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना के लिये डायरी थाना अजाक रायगढ़ भेजी गयी। जिस पर धारा 376 भा.दं.वि. के साथ अन्य अपराध के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।


न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है

तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090



** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.



सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org



सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




आवश्यकता है

शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931